Zurich Airport International

**ज़्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल ने जेवर में दिल्ली नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पैसेजर टर्मिनल का डिज़ाइन तैयार करने के लिए नोर्डिक, ग्रिम्सशॉ, हैप्टिक और एसटीयूपी को चुना**

**दिल्ली, 10 दिसम्बर, 2020:** ज़्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल ने एक कंसोर्टियम का चयन किया है, जिसमें नोर्डिक, ग्रिम्सशॉ, हैप्टिक और एसटीयूपी आर्कीटेक्ट्स के रूप में शामिल हैं, जिन्हें जून से अगस्त 2020 के बीच तीन चरणों की डिज़ाइन प्रतियोगिता के माध्यम से जेवर में दिल्ली नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पैसेंजर टर्मिनल को डिज़ाइन करने के लिए चुना गया है। विजेता का चयन शॉर्टलिस्ट की गई तीन टीमों में से किया गया, जिनके पास एयरपोर्ट डिज़ाइन में व्यापक अनुभव है– जेन्सलर / अरूप; नोर्डिक, ग्रिमशॉ, हैप्टिक और एसटीयूपी; एसओएम / मोट मैकडॉनेल्ड्स। इस साल डिज़ाइन प्रतियोगिता का आयोजन विशेष परिस्थितियों में किया गया तथा आर्कीटेक्ट्स ने रिमोट तरीकों से अपने डिज़ाइन तैयार कर प्रस्तुत किए। तीनों टीमों ने बेहतरीन तरीके से इन चुनौतियों का सामना किया।

नोर्डिक, ग्रिमशॉ, हैप्टिक और एसटीयूपी द्वारा पेश किया गया विजेता डिज़ाइन परियोजना के उद्देश्यों के अनुकूल हैः जो स्विस दक्षता एवं भारतीय आतिथ्य का संयोजन होगा, यात्रियों को आधुनिक एवं सहज अनुभव प्रदान करेगा, भारत में एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग्स के लिए स्थायित्व के क्षेत्र में नए बेंचमार्क स्थापित करेगा, इमारत के भीतर और बाहर हरित क्षेत्र को सुनिश्चित करेगा, एक भावी एयरपोर्ट सिटी की अवधारणा प्रस्तुत करेगा तथा भविष्य में इसे सालाना 30 मिलियन यात्रियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए विस्तारित करने का विकल्प भी होगा।

**श्री क्रिस्टोफ श्नैलमैन, चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर, यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने कहा,** *''जेवर में लम्बे समय से परिकल्पित सामरिक परियोजना के डिज़ाइन के लिए नोर्डिक, ग्रिमशॉ, हैप्टिक और एसटीयूपी के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। टीम ने प्रभावी लेआउट, अनुकूल डिज़ाइन, उच्च–गुणवत्ता के बहुल क्षेत्रों, विशाल हरित क्षेत्र तथा उर्जा की बचत करने वाली संतुलित अवधारणा एवं स्थायित्व के बीच संतुलन बनाते हुए इस विजेता डिज़ाइन को तैयार किया है। टीम ने भावी ज़रूरतों के अनुसार प्रत्यास्थता को सुनिश्तिच करते हुए उपभोक्ताओं के लिए आरामदायक, स्थायी एवं अत्याधुनिक डिज़ाइन तैयार करने में बेजोड़ दक्षता का प्रदर्शन किया है। हम टीम के साथ मिलकर काम करते हुए सुनिश्चित करेंगे कि इस डिज़ाइन में वो सभी सुविधाएं मौजूद हों जो एक यात्री विश्वस्तरीय एयरपोर्ट में चाहता है।''*

**श्री गुडमंड स्टोक्के, फाउंडिंग पार्टनर और हैड ऑफ डिज़ाइन, नोर्डिक ने टीम की ओर से कहा,** *''हमें खुशी है कि हमने नई दिल्ली नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए डिज़ाइन प्रतियोगिता के माध्यम से ज़्यूरिख एयरपोर्ट का भरोसा जीता है। दिल्ली नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट विश्वस्तरीय शहर दिल्ली तथा उत्तरप्रदेश के लिए नया अनूठा गेटवे होगा। इस परियोजना में नोर्डिक, ग्रिमशॉ, हैप्टिक और एसटीयूपी उसी ज्ञान एवं अनुभव का इस्तेमाल करते हुए अत्याधुनिक और हरित एयरपोर्ट बनाएंगे जिसका उपयोग वे हैदराबाद, ओसलो, इस्ताम्बुल, ज़्यूरिख में कर चुके हैं। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परम्पराओं के संयोजन वाले इस क्षेत्र में यह एक ऐतिहासिक एयरपोर्ट होगा।''*

दिल्ली, एनसीआर, नोएडा और पश्चिमी यूपी का नया दूरदृष्टा एयरपोर्ट यात्रियों को यात्रा का सहज अनुभव प्रदान करेगा, उन्हें उच्च गुणवत्ता के कमर्शियल ऑफर्स के साथ अनुकूल माहौल में यात्रा का

मौका देगा। एयरपोर्ट के डिज़ाइन में कई विशेष पहलुओं को शामिल किया गया है जैसे यात्रियों का छोटा एवं प्रभावी प्रवाह, डिजिटल सेवाएं तथा पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव उत्पन्न करने की प्रतिबद्धता।

पूरी तरह से तैयार होने के बाद दिल्ली नोएडा, इंटरनेशनल एयरपोर्ट राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को अपनी सेवाएं प्रदान करने वाला दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा, जो दिल्ली एवं आगरा के बीच तेज़ी से विकसित होते यमुना एक्सप्रेसवे ओद्योगिक विकास क्षेत्र को अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। दिल्ली नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना में निवेश के साथ ज़्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल ने भारत एवं उत्तरप्रदेश सरकार के भरोसेमंद पार्टनर होने की पुष्टि की है, जो इस निवेश के माध्यम से बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं नौकरियों के सृजन में राष्ट्रीय लक्ष्य को समर्थन देगा।

अक्टूबर माह में उत्तरप्रदेश सरकार ने जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास के लिए 40 सालों की अवधि के लिए ज़्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के साथ कंसेशन एग्रीमेन्ट पर हस्ताक्षर किए थे। ज़्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल को इसी साल मई में जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास के लिए गृह मंत्रालय से सुरक्षा अनुमोदन प्राप्त हो गया था, जिससे पहले नवम्बर 2019 में इसने ग्रेटर नोएडा में दिल्ली नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए अनुबंध जीता था।

## जुरिक एयरपोर्ट

फ्लुगाफेन जुरिक एजी एक सूचीबद्ध कंपनी है, जो स्विस कॉन्फेडरेशन के विविधीकृत व्यवसाय एवं लाईसेंसी के रूप में जुरिक एयरपोर्ट का संचालन करती है। 1700 कर्मचारियों के कार्यबल के साथ कंपनी ने 2019 में 1210.1 मिलियन सीएचएफ का टर्नओवर निर्मित किया। इसके 33.3 प्रतिशत शेयर कैंटन के पास तथा 5 प्रतिशत शेयर जुरिक शहर के पास हैं।

जुरिक एयरपोर्ट दुनिया के लिए स्विट्ज़रलैंड का द्वार है। 2019 में इस एयरपोर्ट से होकर 31 मिलियन से ज्यादा लोगों ने आवागमन किया। यह इस क्षेत्र का न केवल सबसे महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र, अपितु प्रमुख भेंट स्थल भी है। लगभग 27000 लोगों को रोजगार देने वाली 280 कंपनियों के साथ इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का मुख्य चालक जुरिक एयरपोर्ट है।

## यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, ज़्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की सब्सिडरी है, जिसे जेवन में ग्रीनफील्ड दिल्ली नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास क लिए स्पेशल परपज़ व्हीकल के रूप में शामिल किया गया है। उत्तरप्रदेश सरकार ने जेवर में दिल्ली नोएडा इंटरनेशनल एउयरपोर्ट के विकास के लिए 7 अक्टूबर 2020 को यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के साथ कंसेशन एग्रीमेन्ट पर हस्ताक्षर किए थे। कंपनी उत्तरप्रदेश सरकार, नई दिल्ली ओखला ओद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं ग्रेटर नोएडा ओद्योगिक विकास प्राधिकरण के साथ सार्वजनिक–निजी भागीदारी परियोजना के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होगी।

-End-